



## SHRI JITU RAI

Shri Jitu Rai is an Indian shooter who competes in the 10 metre air pistol and 50 metre pistol events.

2. Born on 26th August, 1987 in Nepal, Shri Rai's early life was spent in a village of Sankhuwa Sabha district of Nepal. He joined the Army in 2006 and is a naturalized citizen of India. He also has a certificate of participation in the 2011 National Games where he represented Uttar Pradesh.

3. Shri Rai first made it to the Army's shooting squad in 2010-11 but failed to live up to expectations and was subsequently sent back to his unit, putting an end to his training at the Army Marksmanship Unit in Mhow. In 2014, at the ISSF World Cup in Munich, he won the Silver medal in the 10 metre Air Pistol event. Following this, in Maribor, he won two medals; a Silver in the 50 metre Pistol event and a Gold in the 10 metre Air Pistol event. In the process, he won three medals in nine days at the World Cup and also became the first person to have won two medals at a single world cup for India. Following his achievements, he was ranked number 1 in the world, in 10 metre Air Pistol and number 4, in 50 metre Pistol, in July 2014.

4. At the 2014 Commonwealth Games, Shri Rai created the Games record in the qualification round of the 50 metre Pistol event, having scored 562 points. He went on to win the Gold medal in the event, scoring 194.1 points in the final, thus creating another Games record. In the 2014 Asian Games held at Incheon in South Korea, he won the Gold medal in the 50 m Pistol category. He also won a Bronze in the men's 10 m Air Pistol team event. In 2016, he won a Silver medal at the International Shooting Sport Federation (ISSF) World Cup held in Baku, Azerbaijan in the 10m Air Pistol event.

5. During the 2016 Olympics in the 10 M Air Pistol event, Shri Jitu Rai made a remarkable comeback to sneak into the final, and he finished eighth in the final of the 10 M Air Pistol event. At the 2018 Commonwealth Games, he broke the Commonwealth Games record for men's 10m Air Pistol finals with a total score of 235.1 points and secured his first Commonwealth Games Gold medal in the relevant event. This was also his second Gold medal in Commonwealth Games.

6. Shri Rai has received various honours and awards including Khel Ratna Award in 2016.





## श्री जीतू राई

श्री जीतू राई एक भारतीय निशानेबाज हैं जो 10 मीटर एयर पिस्टल और 50 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में भाग लेते हैं।

2. 26 अगस्त, 1987 को नेपाल में जन्मे श्री राई का प्रारंभिक जीवन नेपाल के संखुवा सभा जिले के एक गाँव में बीता। श्री राय 2006 में सेना में शामिल हुए और वह देशीयकरण के आधार पर भारत के नागरिक हैं। उनके पास 2011 के राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने का प्रमाण पत्र भी है जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया था।

3. श्री राई ने पहली बार 2010–11 में सेना की शूटिंग स्क्वायड में जगह बनाई, लेकिन वह उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए और महू में आर्मी मार्क्समैन यूनिट में उनका प्रशिक्षण समाप्त करते हुए, बाद में उन्हें उनकी यूनिट में वापस भेज दिया गया। 2014 में, म्यूनिख में आईएसएसएफ विश्व कप में, उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता। इसके बाद, मेरिबोर में, राय ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत और 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में एक स्वर्ण सहित दो पदक जीते। उन्होंने कुल मिलाकर विश्व कप में नौ दिनों में तीन पदक जीते और एक ही विश्व कप में भारत के लिए दो पदक जीतने वाले पहले व्यक्ति बने। उनकी उपलब्धियों के बाद, उन्हें जुलाई, 2014 में दुनिया में 10 मीटर एयर पिस्टल में पहला और 50 मीटर पिस्टल में चौथा स्थान हासिल हुआ।

4. 2014 के राष्ट्र मंडल खेल में, श्री राई ने 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राउंड में गेम्स रिकॉर्ड बनाया, जिसमें 562 अंक हासिल किए थे। उन्होंने इस स्पर्धा के फाइनल में 194.1 अंक हासिल करके स्वर्ण पदक जीता और इस तरह एक और खेल रिकॉर्ड बनाया। 2014 में दक्षिण कोरिया के इंचियोन में आयोजित एशियाई खेलों में, उन्होंने 50 मीटर पिस्टल श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता। 2016 में, उन्होंने अजरबैजान के बाकू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप में 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता।

5. 2016 के ओलंपिक के दौरान, 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धा में, श्री राई ने फाइनल में प्रवेश के लिए एक शानदार वापसी की, और वह 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में आठवें स्थान पर रहे। 2018 के राष्ट्रमंडल खेलों में, उन्होंने पुरुषों के 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में कुल 235.1 अंक लेकर राष्ट्रमंडल खेलों का रिकॉर्ड तोड़ दिया, और उन्होंने उस स्पर्धा में अपना पहला राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह राष्ट्रमंडल खेलों में उनका दूसरा स्वर्ण पदक भी था।

6. श्री राई को 2016 में खेल रत्न पुरस्कार सहित कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।